आरती आहूजा, आई०ए०एस०
भारत सरकार के सचिव
ARTI AHUJA, I.A.S.
Secretary to Govt. of India

सत्यमेव जयते

MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT
SHRAM SHAKTI BHAVAN
NEW DELHI - 110001

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
श्रम शक्ति भवन
नई दिल्ली-110001
Tele : 91-11-23 71 02 65
E-mail : secy-labour@nic.in

अपील

जैसा कि आप सभी को विदित है कि हमारे संविधान में हिन्दी को राजभाषा के रुप में अंगीकार किया गया है। राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए हमारा मंत्रालय पूर्णत: प्रतिबद्ध है। बड़े हर्ष की बात है कि हमारे मंत्रालय में 14 सितम्बर, 2023 से हिन्दी पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। मैं इस अवसर पर मंत्रालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं तथा उनसे अनुरोध करती हूं कि इस पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लें तथा इसे सफल बनाएं।

राजभाषा नियम,1976 के नियम 12 के अनुसार, केन्द्र सरकार के प्रत्येक कार्यालय के कार्यालय प्रमुख का यह उत्तरदायित्व है कि वह अपने कार्यालय में राजभाषा अधिनियम, नियमों तथा समय-समय पर राजभाषा विभाग द्वारा जारी अनुदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराए। तदनुसार, मैं मंत्रालय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अपील करती हूं कि वे अपना अधिकांश कार्यालयी कार्य राजभाषा हिन्दी में करें तथा राजभाषा अधिनियम एवं नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु गंभीरतापूर्वक प्रयास करें।

सरकारी कामकाज में सरल हिन्दी के प्रयोग से हम मंत्रालय की कल्याणकारी योजनाओं तथा कार्यक्रमों के लाभ आम जन तक पहुंचा सकते हैं। अत: मैं पुन: मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कार्मिकों से अपील करती हूं कि वे अपना अधिकांश कार्य हिन्दी में करें ताकि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके।

आरती आहूजा
(आरती आहूजा)

<u>मंत्रालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी।</u>

G20
भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

75
आज़ादी का
अमृत महोत्सव